## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल शिवपुरी (म0प्र0)

दूरभाष एवं फैक्स नं 07492-221012 ई मेल dfoshivp@mp.gov.in मोबाइल : 9424794737

क्रमांक/डी.एम./2019/ 8332 शिवपुरी, दिनांक/ 11-06-19

प्रति,

**कार्यपालन यंत्री**
**राजघाट वाई नहर वितरण संभाग**
**खनियाधाना जिला शिवपुरी (म0प्र0)**

विषय:- अशोकनगर एवं शिवपुरी जिले में लोअर ओर बृहद सिंचाइ परियोजना (केन वेतवा लिंक परियोजना ) के निर्माण हेतु 968.24 हैक्टर वन भूमि राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण को उपयोग पर देने वावत ।

संदर्भ:- अपर प्रधानमुख्य वन संरक्षक (भू प्रबन्ध ) म0प्र0 भोपाल का पत्र क्रमांक / एफ -3/50/2014/10-11/15/510 दिनांक 14.02.2019 एवं भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली का पत्र क्रमांक / 8-08/2016-एफ सी दिनांक 12.02.2019

---00---

विषयांकित के संबंध में लेख है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली का पत्र क्रमांक / 8-08/2016-एफ सी दिनांक 12.02.2019 01,02,(I to XXXXVII) एवं 03 शर्ते निर्धारित कर शिवपुरी एवं अशोकनगर जिले में लोअर ओर वृहद सिंचाई परियोजना परियोजना (केन वेतवा लिंक परियोजना ) के निर्माण हेतु 968.24 हैक्टर वन भूमि प्रभावित हो रही है । भारत सरकार के पत्र की छायाप्रति संलग्न है ।

जिला शिवपुरी के अंतर्गत 273.66 हैक्टर वन भूमि प्रभावित हो रही है । म0प्र0शासन के आदेश क्रमांक एफ -5/16/2000/10-3 दिनांक 12.09.2008 के अनुसार राशि 17,13,11,160 रूपये ( राशि सत्रह करोड तेरह लाख गयारह हजार एक सौ साठ रूपये मात्र ) नेट प्रजेन्ट वैल्यू की राशि का निर्धारण किया गया है । भविष्य में यदि अंतर राशि की मांग की जाती है तो आप नेट प्रजेन्ट वैल्यू की राशि जमा करने के लिए वाध्य है इस आशय का बचन पत्र प्रस्तुत करें ।

अतः आप भारत सरकार के संदर्भित पत्र के शर्त क्रमांक 02 (XI) अनुसार राशि 17,13,11,160 रूपये( राशि सत्रह करोड तेरह लाख गयारह हजार एक सौ साठ रूपये मात्र ) ई पोर्टल के माध्यम से जमा करावे ।

राजस्व भूमि 1043.14 हैक्टर भूमि की वृक्षारोपण एवं आर डी एफ क्षेत्रों की वृक्षारोपण योजना की तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत एकजाई मांग पत्र पृथक से जारी किया जावेगा ।

भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली का पत्र क्रमांक / 8-08/2016-एफ सी दिनांक 12.02.2019 02,(XV) अनुसार कैचमेन्ट एरिया ट्रीटमेन्ट प्लान (सी एटी )भारत सरकार / म0प्र0शासन के निर्धारित नॉर्मस के अनुसार वर्तमान प्रचलित दर से वन क्षेत्र के अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यो की पृथक - पृथक योजना तेयार कर अनुमोदन उपरांत इस कार्यालय को प्रस्तुत करें , जिससे व्यय होने वाली राशि का मांग पत्र जारी किया जा सके ।

भारत सरकार संदर्भित पत्र में उल्लेखित समस्त शर्तो का पालन प्रतिवेदन एवं वांछित बचन पत्र इस कार्यालय को प्रस्तुत करें ।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार ।

(नवित भारती)
भा.व.से.
वन मण्डलाधिकारी
वनमण्डल शिवपुरी (म.प्र)
शिवपुरी, दिनांक/ 11-06-19

पृष्ठांकन क्रमांक/डी.एम./2019/ 8333

प्रतिलिपि:-

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक,(भू प्रबन्ध) भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्प्रेषित ।
2. मुख्य वन संरक्षक, शिवपुरी वृत्त शिवुपरी की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्प्रेषित ।
3. प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग , 1250 तुलसीनगर भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
4. आयुक्त कमाण्ड क्षेत्र विकास जल संसाधन विभाग भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
5. वनमण्डलाधिकारी वनमण्डल अशोकनगर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
6. कार्यपालन यंत्री लोअर ओर परियोजना बांध,जल संसाधन संभाग चंदेरी जिला अशोकनगर की ओर संदर्भित के तारतम्य में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

वन मण्डलाधिकारी
वनमण्डल शिवपुरी (म.प्र)